# लोकतंत्र के महापर्व को लेकर मुस्तैद प्रशासन

■ लोकसभा आमचुनाव 2024 : 26 को सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

**उदयपुर, (कासं)।** लोकसभा आमचुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत उदयपुर जिलें में मतदान शुक्रवार, सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा जो सायं 6 बजे तक चलेगा। लोकतंत्र के इस महापर्व के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद है और जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल के निर्देशन में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिलें में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली है। मतदान दलों का तृतीय एवं अंतिम प्रशिक्षण गुरुवार को मोहनलाल सुखाडिया विवि परिसर के आर्ट्स कॉलेज के भवन व ग्राउण्ड पर जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार पोसवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक औवेस अहमद राणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड़, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी जितेन्द्र ओझा, कार्मिक प्रकोष्ठ प्रभारी कीर्ति राठौड़, एनआईसी के तकनीकी निदेशक मजहर हुसैन सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रभारी मौजूद थे। मतदान दलों के गन्तव्य तक पहुंचने तक कलक्टर पोसवाल के नेतृत्व में पूरी टीम ने लगातार मॉनिटरिंग की। इस दौरान रुट चार्ट के अनुसार सब दलों की रवानगी और पहुंच की पल-पल की जानकारी भी ली जा रही थी।

लोकसभा आमचुनाव के तहत उदयपुर संसदीय क्षेत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ताराचंद मीणा, बहुजन समाज पार्टी के दलपतराम गरासिया, भारतीय जनता पार्टी के मन्नालाल रावत, भारत आदिवासी पार्टी के प्रकाशचंद्र, इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी के राजेंद्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी कानजी डामोर, प्रभुलाल व डॉ सविता कुमारी अहारी चुनाव मैदान में है।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिए गए मिशन 75 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करने की अनुपालना में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल ने सभी मतदाताओं को मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने भी सभी नागरिकों से मतदान करने की अपील की है एवं कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा चुकी है, सभी मतदाता निर्भीक होकर मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## शहीद प्रताप सिंह राव को श्रृद्धाजंलि

**उदयपुर, (कासं)।** मावली तहसील के आसोलिया का मादडी निवासी शहीद प्रताप सिंह राव का 52 वा शहादत दिवस पर ग्रामीणों व परिजनों श्रृद्धाजंलि अर्पित की। ज्ञात रहे शहीद का शरीर उस समय गाँव नही आ सका, यूनिट के साथियों ने ही अंतिम संस्कार किया था। प्रताप सिंह राजपूत रायफल में तैनात हो नागालैंड में एक ऑपरेशन के दौरान शहीद हुए। मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि श्रृद्धाजंलि कार्यक्रम में वीर परिवार से वीरांगना भंवर कंवर उर्फ बबुर कौर , पुत्र करण सिंह, पौत्र पौत्री प्रहलाद सिंह, हिम्मत सिंह, कौशल्या , खुमान सिंह, खुमान सिंह सेवानिवृत्त एस बी आई, वदन सिंह, कांता देवी पूर्व वार्ड पंच, जशोदा कुंवर आदि उपस्थित थे।

## श्रमिक की हत्या के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के रामपुरा चौराहा पर युवक की हत्या कर लाश को कार में डाल कर छोड़ जाने के मामले में पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार 21 अप्रेल 2024 को कोमल पुत्र श्यामलाल उर्फ सामले निवासी चर्च वाली गली बाईपास रोड़ भीण्ड एमपी हाल बासवाडी झाड़ोल की आरोपी महेन्द्र तेली, राकेश लौहार, शाहरूख, सोहेल और आजाद खां द्वारा बाइक की बात को लेकर बहस होने पर लातो मुक्कों एवं सरिये से हमला कर हत्या कर दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्रसिंह के सुपरविजन में नाई थाना एएसआई त्रिलोक के नेतृत्व में गठित दल द्वारा किए गए अनुसंधान में बाइक की बात को लेकर कोमल की हत्या कर लाख को कार की डिकी में डाल कर ठीकाने लगाने का प्रयास करना पाया गया।

इस मामले में अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर राकेश कुमार पुत्र चम्पालाल लौहार, शाहरूख खान पुत्र शौकत खान, आजाद शेख पुत्र पीर मो., महेन्द्र तेली पुत्र भंवरलाल तेली तथा सोहेल खां पुत्र असलम खां को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

## भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने बनाया कंट्रोल रूम

**उदयपुर, (कासं)।** शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव हेतु भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने कमर कस ली है।

विधि प्रकोष्ठ के शहर जिलाध्यक्ष महेन्द्र नागदा ने बताया कि लोकसभा चुनाव विधि अनुसार कराये जाने एवं उदयपुर लोकसभा की आठों विधान सभा में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में किसी प्रकार की विधिक एवं कानूनी अडचन उत्पन्न होने पर उदियापोल स्थित वेंकटेश होटल में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया है। कंट्रोल रूम में आठों विधानसभाओं में 5-5 अधिवक्ताओं को नियुक्त किये गये है जो सुबह 7 बजे से लगाकर सायं 6 बजे तक अपनी सेवाएं देंगे।

## पेसिफिक में वार्षिक महोत्सव मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक विवि के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय, कला संकाय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ 24 अप्रैल को रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत विवि अध्यक्ष प्रोफेसर के.के. दवे, स्नातकोत्तर अध्ययन विभाग के डीन प्रो. हेमंत कोठारी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अध्यक्ष प्रो दिलेन्द्र हिरेन और पेसिफिक कला एवं मानविकी महाविद्यालय के डॉ. सौरभ त्यागी द्वारा दीपप्रज्वलन के साथ किया गया। पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें रंगोली, विज्ञापन सेल्फी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, मेहंदी, कोलाज मेकिंग, ट्रेजर हंट, नॉनफायर कुकिंग और एक मिनट का गेम शो शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं में बडी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। वहीं, सभी प्रतिभागियों को (सहभागिता) का प्रमाण पत्र दिया गया। अध्यक्ष प्रो. के.के. दवे ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वहीं, स्नातकोत्तर अध्ययन विभाग के डीन प्रो. हेमंत कोठारी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम कॉलेज जीवन में बहुत उपयोगी होते हैं, क्योंकि इससे छात्रों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में प्रो. दिलेन्द्र हिरेन ने भी छात्रों को संबोधित किया और उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। संयोजक डॉ. रितु खन्ना और प्रवीण जागेटिया ने सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की। अंत में डॉ. सौरभ त्यागी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में साइंस कॉलेज के डीन प्रो एस. सी. आमेटा भी मौजूद रहे। मंच का संचालन डॉ. नरेश मेनारिया और डॉ. देवनिता पोली द्वारा किया गया। वार्षिक महोत्सव का पहला दिन काफी सफल रहा और छात्रों में खूब उत्साह देखने को मिला।

## नकदी व मोबाईल छीना

**उदयपुर, (कासं)।** सायरा थाना पुलिस ने रावछ सायरा निवासी भीखाराम पुत्र भेराराम गमेती ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 24 अप्रेल को आरोपी राह चलते मेरे हाथ से मोबाईल व जेब से नकदी छीन ले गए। इस दौरान विरोध करने व चिल्लाने पर बदमाश फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।





